# संचार मित्र योजना

[स्रोत: पीआईबी](#)

[दूरसंचार विभाग (DoT)](#) ने **संचार मित्र योजना** को एक **राष्ट्रीय पहल** के रूप में शुरू किया है, जिसका उद्देश्य नागरिकों के बीच[डिजिटल साक्षरता](#), **साइबर स्वच्छता** और **दूरसंचार जागरूकता** को बढ़ावा देना है।

## संचार मित्र योजना:

- **परिचय:** यह एक **स्वयंसेवक आधारित डिजिटल आउटरीच कार्यक्रम** है, जिसमें **विश्वविद्यालय के छात्रों** को **संचार मित्र** के रूप में नामित किया जाता है। इनका कार्य **दूरसंचार सुरक्षा**, **साइबर धोखाधड़ी की रोकथाम**, **उत्तरदायी मोबाइल उपयोग** और [इलेक्ट्रोमैग्नेटिक फील्ड (EMF)](#) **विकिरण** से संबंधित चिंताओं के विषय में जागरूकता फैलाना है।
- **मुख्य विशेषताएँ:**
  - **संबंधित तकनीकी पृष्ठभूमि** (जैसे दूरसंचार, इलेक्ट्रॉनिक्स, कंप्यूटर साइंस, साइबर सुरक्षा) वाले छात्रों को**स्थानीय दूरसंचार विभाग (DoT)** की इकाइयों के सहयोग से नामित किया जाता है।
  - छात्रों को **राष्ट्रीय संचार अकादमी–टेक्नोलॉजी (NCA-T)** और **DoT की मीडिया शाखा** द्वारा **5G, 6G,** [कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI)](#) **, EMF सुरक्षा** तथा [साइबर सुरक्षा](#) जैसे उभरते क्षेत्रों में संरचित प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।
  - **उत्कृष्ट स्वयंसेवकों** को **इंटर्नशिप**, **राष्ट्रीय दूरसंचार परियोजनाओं**, **इंडिया मोबाइल कॉन्ग्रेस**, और **अंतर्राष्ट्रीय मंचों** जैसे [अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ (ITU)](#) में भाग लेने का अवसर मिल सकता है।



**और पढ़ें:** [भारत की साइबर सुरक्षा]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/sanchar-mitra-scheme